**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# रविदास की शिक्षाएं आज समाज के लिए प्रेरणादायक: मुख्यमंत्री

**शुभकामनाएं**

## संत रविदास जन्म दिवस की राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**संवाददाता**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को संत रविदास जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि संत रविदास ने अपने पूरे जीवन में सामाजिक असमानता और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए कठिन संघर्ष किया। समाज में शांति, प्रेम तथा समानता का माहौल तैयार करने के लिए हम सबको उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा कि संत रविदास ने समाज में समानता के लिए आवाज उठाई। वह समता मूलक समाज की स्थापना का संदेश देने के साथ भगवान की भक्ति में लीन रहते थे। उन्होंने कहा कि हमें समाज में आपसी भाईचारा, शांति, प्रेम, समानता का माहौल तैयार करने के लिए उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु रविदास जयंती पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने समाज में समानता की आवाज उठाने व हमेशा समता मूलक समाज की स्थापना का संदेश दिया। वह सदैव भगवान की भक्ति में लीन रहते थे। उनसे हमें समाज में आपसी भाई–चारा, शांति, प्रेम, समानता का माहौल तैयार करने के लिए उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। संत रविदास बहुत ही धार्मिक स्वभाव के महान ज्ञानी व संत थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में अपना जीवन समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। वह भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। उनकी शिक्षाएं आज समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

**जानिए संत रविदास के बारे में:** संत रविदास की जयंती माघ माह में पूर्णिमा को मनाई जाती है। इतिहासकारों के अनुसार, संत रविदास का जन्म सन 1398 ई में हुआ है। वहीं, कुछ का मानना है कि उनका जन्म सन 1482 में हुआ है। संत रविदास का जन्म दलित परिवार में हुआ था। इनके पिताजी का नाम रघू और माताजी का नाम घुरविनिया था।

## न्यूज डायरी

### गंगनहर में डूबे सहारनपुर के दो युवकों के शव मिले

**संवाददाता** मंगलौर (रुड़की)। गंगनहर में डूबकर लापता हुए सहारनपुर निवासी दो युवकों के शव बुधवार को बरामद कर लिए है। एक शव आसफनगर झाल के पास मिला है, जबकि दूसरा लिब्बरहेड़ी गांव के पास मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। हादसा आठ फरवरी की अल सुबह को हुआ था। पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश राज्य के सहारनपुर के अम्बाला रोड स्थित सुभाष नगर निवासी दो भाई रोहित, मोहित आहूजा अपने दोस्त मोहित सचदेवा निवासी सुभाषनगर के साथ सात फरवरी को घर से घूमने के लिए निकले थे। तीनों आठ फरवरी की अलसुबह रुड़की में सोलानी पार्क के समीप गंगनहर पर घूम रहे थे। इसके बाद तीनों यहां पर सेल्फी लेने लगे, तभी उनमें से एक का पैर फिसल गया। बाकी दोनों युवक अपने साथी को बचाने के लिए नहर में कूद गए। इस बात की सूचना पुलिस को दी गई।

### रियलमी ने रियलमी प्रो+ 5जी और रियलमी 9प्रो 5जी का अनावरण किया

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट यूथ फ्लैगशिप स्मार्टफोन – रियलमी 9 प्रो 5जी और रियलमी 9 प्रो+ 5जी प्रस्तुत किए। रियलमी 9 प्रो सीरीज 5जी को उत्कृष्टता के लिए बनाया गया है। इसमें मिडरेंज सेगमेंट में फ्लैगशिप कैमरा, कलर चेंज इफेक्ट के साथ बेहतरीन लाईट शिफ्ट डिजाईन और शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर दिया गया है, जो बहुत ही उत्तम परफॉर्मेंस प्रदान करता है। नंबर सीरीज में सबसे नए सदस्य के साथ रियलमी एक बार फिर यूजर्स के लिए सबसे विस्तृत अनुभव लेकर आया है और यह मिड से हाई–एंड सेगमेंट में अपना विस्तार कर रहा है।

### टेक्नो ने पोवा 5जी स्पेशल मैनचेस्टर सिटी एडिशन के लॉन्च के साथ 5जी में रखा कदम

**संवाददाता** देहरादून। ट्रांसियॉन इंडिया के ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन टेक्नो मोबाइल ने आज अपने नए स्मार्टफोन पोवा 5जी को लॉन्च कर 5जी सेगमेंट में कदम रखा है। टेक्नो पोवा 5जी एथर ब्लैक कलर में स्पेशल एडिशन है और इसके पीछे की ओर प्रमुख फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी एफसी (मैन सिटी) का प्राउड लोगो दिया गया है। टेक्नो मैनचेस्टर सिटी का आधिकारिक टैबलेट एवं हैंडसेट पार्टनर है और यह सहयोग स्पीड, पावर एवं परफॉर्मेंस की नीतियों को आपस में साझा करता है और दोनों के बीच की सिनर्जी को दिखाता है। टेक्नो पोवा 5जी अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन खूबियों में इन नीतियों को प्रतिबिम्बित करता है।

## बदलते मौसम का सब्जी और फलों पर पड़ने लगा असर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के वार्डों में एक बार फिर से गुलदार की सक्रियता बढ़ने लगी है। वही गुलदार की बढ़ रही सक्रियता को लेकर जिले के वार्डों के लोग खासे परेशान है। बता दें कि जिले में आये दिन गुलदार की चहल कदमी को लेकर जिले के वार्डों के लोग खासे दहशत के साये में जीने को मजबूर है।

जिले के वार्डों में पिछले पांच रोज से गुलदार जोड़ें के साथ वार्डों में दोपहर व रात को घुमते नजर आ रहा है। बता दें कि अब तक जिले के बजेटी वार्ड से दो कुतों को ये गुलदार मार चुका है। देवयोग से अब तक किसी मानव पर गुलदार का हमला नही हो सका है।

जिले के बजेटी वार्ड, चंडाक जेल परिसर व हुडेती वरदानी माता परिसर , गैस गोदाम महादेव धारे व पपदेव दौला वार्ड में इन दिनों गुलदार की खासी सक्रियता बढ़ रही है। जिले के वार्डों के लोग वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग कर चुके है।

वन महकमें द्वारा केवल लोगों को सचेत कर अपना फर्ज अदायिकी करने में तुला हुआ है। ऐसे में जिले के वार्डो के लोग वन महकमें की कार्य प्रणाली को लेकर सवाल उठा रहे है। दूसरी ओर जिले के स्थानीय वार्ड में दो दिन पूर्व कुते को दबोचे गुलदार की सीसीटीवी फुटेज के देख लोग खासे भय में रहे। जिले के वार्डों के ग्रमीणों ने पालिका के अध्यक्ष से मुलाकात कर जिले के वार्डों में स्ट्रीट लाइटें यथा शीघ्र ठीक कराये जाने की मांग की है।



## जौलकांडे-बागेश्वर मोटर मार्ग खस्ताहाल

**संवाददाता** बागेश्वर। जौलकांडे मोटर मार्ग खस्ताहाल हो चला है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया है। दुपहिया वाहन चालक लगातार चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने सड़क को तत्काल सुधारू करने की मांग की। जौलकांडे की प्रधान प्रिया उप्रेती व उप प्रधान नैना लोहुमी ने बताया कि मार्ग निर्माण के बाद पांच साल तक मोटर मार्ग के अनुरक्षण का जिम्मा पीएमजीएसवाइ के पास था। विभाग ने अनुरक्षण के नाम पर इस मार्ग पर कोई कार्य नहीं किया। गुणवत्ता के अभाव में मार्ग पर जगह–जगह गड्ढे बने हुए हैं। डामर उखड़ चुका है और सोलिग के पत्थर निकलकर मार्ग में फैले हुए हैं। बताया कि मार्ग के कई कलमठ बंद हैं। नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। मार्ग में दोनों ओर झाड़ियां उगी हुई हैं।

## प्रत्याशियों व उनके प्रबल समर्थकों के माथे में चिंता की लकीरें दिख रही साफ

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों व उनके प्रबल समर्थकों के माथे में चिंता की लकीरें साफ दिख रही हैं। हालांकि पूछने पर अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इस बार दोनों सीटों में कई बूथों में त्रिकोणीय संघर्ष होने के कारण राजनीति के धुरंधर गणितज्ञ भी असमंजस की स्थिति में हैं। आम मतदाता है कि वह कुछ भी साफ बोलने की स्थिति में नहीं हैं।

14 फरवरी को चुनाव के बाद मंगलवार को जनपद की सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील कर दी गई हैं। इधर, मतदान के बाद बूथ एजेंटों से भी जानकारियां प्रत्याशियों के पास पहुंच चुकी हैं। बागेश्वर सीट की बात करें तो यहां पर अधिकांश सीटों पर

**राजनीति के धुरंधर गणितज्ञ भी असमंजस की स्थिति में**

भाजपा व कांग्रेस के साथ ही आम आदमी पार्टी के बीच मुकाबला दिख रहा है। जिससे कोई भी गणित लगाने की स्थिति में नहीं है। एक घाटी में एक दल के आगे आने की सूचना आ रही है तो वहीं दल दूसरे क्षेत्र में पीछे लग रहा है। जिससे उसका गणित ही बिगड़ रहा है।

वहीं कपकोट सीट में भी कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकाबला दिख रहा है। यहां पर प्रत्याशी व दल पदाधिकारी पांच से सात हजार से जीत का दावा कर रहे हैं। उनके समर्थक दबी जुबान से कह रहे हैं कि कपकोट सीट में एक से दो हजार मतों के अंतरों से ही हार जीत होगी। दोनों ही दलों का मानना है कि आप के भूपेश उपाध्याय ने किस क्षेत्र में किस दल के परंपरागत मतों पर सेंध मारी है, यह अनुमान नहीं लगा पा रहा है। दोनों सीटों में भाजपा, कांग्रेस समेत आप के समर्थक जीत का दावा तो कर रहे हैं। उनके चेहरे की सिकन व माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट कर रही है कि कोई भी दल फिलहाल यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है उसकी जीत पक्की है।

हालांकि राजनीति में पूर्व से गणित लगाने वाले लोगों का कहना है कि जीत जिसकी भी होगी यह समय बताएगा परंतु इतना तय है कि आप के प्रत्याशी चुनावी गणित को पलटने में अपनी भूमिका अदा करेंगे।

## वेतन की मांग को लेकर पालिका कर्मियों ने ईओ को घेरा

**संवाददाता** नैनीताल। बीते दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण पालिका कर्मचारी विरोध पर उतर आए हैं। देव भूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने तो कार्य बहिष्कार भी शुरु कर दिया है। दोपहर को कर्मचारियों ने ईओ से वार्ता कर जल्द वेतन देने की मांग की। साथ ही चेताया कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

जानकारी के मुताबिक बजट के संकट के चलते पालिका ने बीते दो माह से कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में कर्मचारियों का घर चलाना दूभर हो गया है। पूर्व में दो बार कर्मचारियों की वार्ता के बाद पालिका प्रबंधन ने वेतन भुगतान का आश्वासन दिया, मगर वेतन का भुगतान नहीं कर सकी। वही इसको लेकर अब कर्मचारी विरोध पर उतर आए हैं। बुधवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद सचिव सोनू सहदेव के नेतृत्व में पर्यावरण मित्रों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है।